# वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर

## अधिसूचना

वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर से सम्बद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्यों, आन्तरिक परीक्षकों को अवगत कराया जाता है कि विश्वविद्यालय के स्नातक/स्नातकोत्तर सम सेमेस्टर की परीक्षा 2024–25 की निम्न विषय की उत्तरपुस्तिकाओं का केन्द्रीय मूल्यांकन बाला साहब देवरस मूल्यांकन केन्द्र पर निर्धारित किया जाता है :–

| क्र.सं. | विषय | मूल्यांकन केन्द्र | मूल्यांकन प्रारम्भ होने की तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | प्राणी विज्ञान | बाला साहब देवरस मूल्यांकन केन्द्र | 20.05.2025 |
| 2 | भौतिक विज्ञान, गणित | बाला साहब देवरस मूल्यांकन केन्द्र | 22.05.2025 |
| 3 | रसायन विज्ञान | बाला साहब देवरस मूल्यांकन केन्द्र | 26.05.2025 |
| 4 | वनस्पति विज्ञान | बाला साहब देवरस मूल्यांकन केन्द्र | 28.05.2025 |

उपर्युक्त विषय के परीक्षक मूल्यांकन केन्द्र पर आने से पूर्व परीक्षकत्व हेतु आवेदन के साथ विगत 06 माह का वेतन स्टेटमेन्ट, सम्बन्धित बैंक पासबुक मूलरूप में, जिसमें महाविद्यालय द्वारा वेतन का भुगतान किया जा रहा हो तथा विगत छः माह की प्रविष्टियाँ भी अंकित हों, सम्बन्धित विश्वविद्यालय का अनुमोदन पत्र, प्राचार्य द्वारा निर्गत अद्यतन अनुभव प्रमाण–पत्र मूलरूप में, पासबुक मूलरूप में, आधार कार्ड, पेन कार्ड की मूलप्रति एवं सत्यापित छायाप्रति आदि मूल्यांकन समन्वयक को उपलब्ध करायेंगे। मूल्यांकन समन्वयक द्वारा सम्यक परीक्षणोपरान्त ही मूल्यांकन की अनुमति प्रदान की जायेगी। परीक्षक अपने देयकों के साथ निरस्त चेक अवश्य संलग्न करेंगे, बिना निरस्त चेक के देयक स्वीकार नहीं किया जायेगा।

कृपया उपुर्यक्त विषय के अर्ह परीक्षकों द्वारा ही निर्धारित मूल्यांकन तिथियों को मूल्यांकन केन्द्रमें उपस्थित होकर मूल्यांकन कार्य शुचितापूर्वक सम्पादित किया जाना सुनिश्चित करें।

नोट :–

1. उक्त के अतिरिक्त जनपद आजमगढ़, मऊ, काशी विद्यापीठ, वाराणसी, प्रो0 राजेन्द्र सिंह राज्य विश्वविद्यालय, प्रयागराज एवं डॉ0 राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या एवं जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया के वाह्य परीक्षकों से अधितम 25 प्रतिशत की सीमा तक का मूल्यांकन कराया जायेगा।
2. उत्तरपुस्तिका कम होने पर वाह्य परीक्षक केवल अध्ययन परिषद द्वारा नामित तथा प्राश्निक ही अनुमन्य होंगे।

(डॉ0 विनोद कुमार सिंह)
परीक्षा नियंत्रक

पत्रांकः 1877/गोप./(11) मूल्यांकन/2025 दिनांकः 17.05.2025

**प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–**

1. समाचार सम्पादक हिन्दुस्तान/दैनिक जागरण/अमर उजाला को इस आशय से प्रेषित कि कृपया वे अपने सम्मानित दैनिक समाचार पत्र के आगामी अंक में किसी ऐसे पृष्ठ पर जो पूर्वांचल के समस्त जनपदों में पहुँचता हो, उक्त सूचना निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
2. समन्वयक, मूल्यांकन केन्द्र को उक्त निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित कराये जाने हेतु।
3. वेबमास्टर, को इस आशय के साथ प्रेषित कि कृपया उक्त सूचना को विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
4. निजी सचिव कुलपति, मा0 कुलपति महोदया के संज्ञानार्थ।
5. वित्त अधिकारी के संज्ञानार्थ।
6. नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।

परीक्षा नियंत्रक